हिन्दी दैनिक

RNI- BIHHIN/2012/43368

# नव शक्ति

www.navshaktinews.in

navshakti newspaper patna

वर्ष : 13, अंक : 64 | पटना, शुक्रवार , 19 अप्रैल, 2024 | पृष्ठ : 8, मूल्य : दो रुपये

# इंडी अलायंस के सारे नेता या तो बेल पर हैं, या जेल में हैं: जगत प्रकाश नड्डा

**दिल्ली (नवशक्ति)**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने आज बृहस्पतिवार को असम के कोकराझार, उदलगुड़ी और दूधनोई में आयोजित जनसभाओं को संबोधित किया। श्री नड्डा ने कहा कि जनता का उत्साह और उमंग देखकर यह तय हो गया है कि असम की जनता ने आगामी चुनाव में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने का निर्णय ले लिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश की राजनीति की चरित्र एवं परिभाषा को बदल दिया है। असम के क्षेत्रों में पहले विकास के नाम पर कुछ नहीं था। कुछ समय पूर्व तक कोकराझार समुदायिक दंगों, आंदोलन और बम के लिए जाना जाता था। कांग्रेस सरकार मूकदर्शक बनकर सब देखती थी और भाई को भाई से लड़ाने का काम करती थी। लेकिन माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के सक्षम नेतृत्व और गृह मंत्री श्री अमित शाह के मार्गदर्शन में 27 जनवरी 2020 में बोडो शांति समझौता स्थापित किया। पूरे एक दशक तक चलने वाले इस आंदोलन के बाद लगभग 1615 लोगों ने आत्मसमर्पण किया। श्री प्रमोद बोरो ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए इस आंदोलन में अपना समर्थन दिया और कोकराझार में शांति स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाईआज पूरे असम में शांति, सुरक्षा और सुशासन आया है और लोगों का सशक्तिकरण हुआ है। मोदी सरकार का मतलब एक सक्रिय, समर्थ और उत्तरदायी सरकार। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जानकारी देते हुए कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा बोडो लैन्ड के विकास के लिए 1500 करोड़ रुपये आवंटित किये गए। भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने बोडो लैन्ड को संतोष और डूरंड ट्रॉफी देने का काम किया। आज पूर्वोत्तर का 70 प्रतिशत



भाग सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम से मुक्त हो चुका है। श्री नड्डा जी ने कहा कि अगर अंधेरे को याद नहीं रखोगे, तो उजाले का महत्व समझ नहीं आएगा। श्री नड्डा ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस ने पूर्वोत्तर की हमेशा उपेक्षा की है। कांग्रेस के शासन में पूर्वोत्तर के राज्यों का विकास सदैव बाधित रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लगभग 70 बार पूर्वोत्तर राज्यों का दौरा किया और पूर्वोत्तर को मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया है। पिछले दस वर्षों में केन्द्रीय मंत्रियों ने कुल 680 बार पूर्वोत्तर राज्यों का दौरा किया है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने असम को अष्टलक्ष्मी के रूप में देखा है जिसके प्रमुख स्तम्भ शांति, बिजली, सोलर, पर्यटन, कनेक्टिविटी, संस्कृति, खेल और कृषि हैं। भाजपा सरकार में पूर्वोत्तर राज्यों में होने वाले हमलों में 60% तक कमी आई है और शांति का वातावरण स्थापित हुआ है। भाजपा सरकार द्वारा अरुणाचल प्रदेश और असम के बीच चल रहे सीमा विवाद को भी हल कर दिया गया है। इसके साथ ही पूर्वोत्तर के विकास के लिए 5 लाख करोड़ रुपये केंद्र सरकार द्वारा प्रदान किया गया है। माननीय प्रधानमंत्री जी का मानना है कि अगर देश का पूर्वी भाग विकसित हुआ तो पूरा देश विकसित हो जाएगा। श्री नड्डा ने अरुणाचल प्रदेश में हुए विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार (हाइवे, इंटरनेट, रेलवे ,एयरवेज) के माध्यम से पूर्वोत्तर के विकास के लिए आगे बढ़ रही है। जिसके तहत बीते 9 वर्षों में 6 हजार किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग बने हैं जिस पर 3 लाख करोड़ का खर्च किया गया है, 6 हजार ग्राम पंचायतों तक ऑप्टिकल फाइबर के माध्यम से इंटरनेट पहुंचाया गया है, चार गुना तक बजट रेलवे के विस्तार के लिए बढ़ाया गया है और 8 नए एयरपोर्ट बनाए गए हैं, उन्नति योजना के तहत पूर्वोत्तर के विकास के लिए 10 हजार करोड़ खर्च किये गए हैं, 14 हजार करोड़ का खर्च शिक्षा के क्षेत्र में किया गया है। जनजातियों को सम्मान देने के लिए जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया और ट्राइबल म्यूजियम बनाए जा रहे हैं।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि पूर्व की सरकारों के कार्यकाल में भारत एक लड़खड़ाती हुई अर्थव्यवस्था थी, आज प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में कोरोना जैसी गंभीर महामारी और यूक्रेन युद्ध के बावजूद भारत एक मजबूत अर्थवस्था बन कर उभरा है। पूर्व की सरकारों में भारत वैश्विक स्तर पर 11वीं अर्थव्यवस्था था, आज भाजपा शासन में ब्रिटेन को पीछे छोड़कर भारत विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। श्री नड्डा ने कहा कि भाजपा शासन में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ा है, इलेक्ट्रानिक उत्पादन तीन गुना बढ़ गया है। ऑटोमोबाइल के क्षेत्र में जापान को पीछे छोड़कर भारत आज विश्व का तीसरी सबसे बड़ा ऑटोमोबाइल उद्योग क्षेत्र बन गया है।

## संपादकीय

### खाड़ी के देश युद्ध के विस्तार को लेकर खासे चिंतित हैं

**जयप्रकाश चौधरी**



छह माह से गाजा पट्टी पर इस्राइल की निरंकुश कार्रवाई के बाद दमिश्क में ईरान के वाणिज्य दूतावास पर हुए हमले की प्रतिक्रिया में इस्राइल पर हुए ईरानी हमले ने मध्यपूर्व के संकट को और गहरा दिया है। अब इस्राइल ईरान पर जवाबी कार्रवाई को अंजाम देने की तैयारी में जुटा है। ऐसे में पहले रूस-यूक्रेन युद्ध की मार झेल रही दुनिया गहरे आर्थिक संकट की चपेट में आ सकती है। शनिवार की रात ईरान ने तीन सौ से अधिक बैलिस्टिक मिसाइलों, क्रूज मिसाइलों व सैकड़ों ड्रोन के जरिये इस्राइल पर भीषण हमला किया था। हालांकि इस्राइल ने अपने सशक्त एअर डिफेंस सिस्टम से नब्बे फीसदी से अधिक हमलों को विफल कर दिया। जिसका जवाब देने के लिये इस्राइली तैयारियां चरम पर हैं। इस्राइल की आईडीएफ ईरान को घुटनों पर लाने की तैयारी में जुटी है। आशंका जतायी जा रही है कि इस्राइल ईरान के महत्वाकांक्षी परमाणु कार्यक्रम को निशाना बना सकता है। उधर खाड़ी के देश युद्ध के विस्तार को लेकर खासे चिंतित हैं और अमेरिका को युद्ध से दूरी बनाये रखने को लेकर चेता रहे हैं। हाल ही में जिस तरह ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड ने हार्मूज जलडमरूमध्य में एक इस्राइली समुद्री जहाज को कब्जे में लिया है, उससे आशंका है कि इस संघर्ष से वैश्विक कच्चे तेल की आपूर्ति का बड़ा भाग प्रभावित हो सकता है। आशंका यह भी जतायी जा रही है कि यदि इस्राइल जवाबी कार्रवाई करता है तो युद्ध का विस्तार बड़े इलाके में हो सकता है।

अब संयुक्त राष्ट्र समेत वैश्विक बड़ी ताकतें चिंता जता रही हैं कि दुनिया अब एक नये युद्ध को सहन करने की स्थिति में नहीं है। सवाल उठाये जा रहे हैं कि जब इस्राइल आक्रामकता की सीमाएं लांघ कर पिछले छह महीने से गाजा पर लगातार हमले जारी रखे हुए था तो अमेरिका ने स्थिति नियंत्रण के प्रयास क्यों नहीं किये। ऐसा लगता है कि अमेरिका भी अब मध्यपूर्व के संकट में उलझता नजर आ रहा है। खाड़ी में उसके सहयोगी देश ईरान-इस्राइल संकट को बढ़ने से रोकने के लिये दबाव बना रहे हैं। उन्होंने अमेरिका को दो टूक शब्दों में कहा है कि उनके देश में बने सैन्य अड्डों का ईरान के खिलाफ कार्रवाई में इस्तेमाल करने से बचा जाए। जाहिरा तौर पर जिस तरह की भूमिका अमेरिका व उसके मित्र देश यूक्रेन युद्ध में रूस के खिलाफ निभा रहे थे, वैसी भूमिका रूस-चीन अब ईरान-इस्राइल संघर्ष में निभा सकते हैं। इन दोनों देशों के ईरान के साथ गहरे रिश्ते बने हुए हैं। निश्चित रूप से मध्य पूर्व का संघर्ष शेष विश्व के हित में नहीं है। वहीं इस्राइल ने ईरानी हमले के बाद उसके समर्थन से इस्राइल पर हमला करने वाले हिजबुल्लाह के सैन्य ठिकानों पर जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी है। दरअसल, ईरानी हमले के दौरान लेबनान से हिजबुल्लाह ने भी राकेटों से हमले किये थे। बहरहाल, विश्व समुदाय का फर्ज बनता है कि इस संघर्ष को और बढ़ने से रोके। इस्राइल को अपनी स्वतंत्रता की रक्षा का अधिकार है, मगर उसकी बेलगाम आक्रामकता को सहन नहीं किया जा सकता।

# बिहार में आज 4 लोकसभा सीटों पर पहले चरण का मतदान, दांव पर दिग्गजों की किस्मत




**पटना (नवशक्ति)।** बिहार में आज 4 लोकसभा सीटों पर मतदान होगा। जमुई, गया, औरंगाबाद और नवादा में मतदान सुबह 7 बजे से शुरू हो जाएगा। इन सीटों पर 5000 से अधिक बूथ संवेदनशील हैं। सुरक्षा के लिए चप्पे-चप्पे पर पुलिस है।इन 4 सीटों पर 38 प्रत्याशी मैदान में हैं।जमुई में जहां चिराग पासवान की पार्टी से उनके जीजा अरुण भारती तो उनके सामने राजद से अर्चना रविदास हैं। वहीं, गया में एनडीए की तरफ से जीतन राम मांझी तो उनके खिलाफ राजद के कुमार सर्वजीत हैं। इसके अलावा, नवादा से भाजपा के विवेक ठाकुर तो आरजेडी के श्रवण कुशवाहा मैदान में हैं। वहीं एक निर्दलीय प्रत्याशी विनोद यादव भी यहां से ताल ठोक रहे हैं। औरंगाबाद की बात करें तो यहां से बीजेपी के सुशील सिंह और राजद के अभय कुशवाहा में भिड़ंत होने वाली है। इसके अलावा और भी निर्दलीय प्रत्याशी हैं।

# चुनाव में राजद ने नहीं रखी मां - बहनों की इज्जत का ख्याल जनता देगी जवाब: मंगल पांडेय

**पटना (नवशक्ति)**

## गुंडागर्दी करना और गाली देना राजद की पुरानी पहचान, तेजस्वी मांगे माफी

बिहार सरकार के स्वास्थ्य एवं कृषि मंत्री श्री मंगल पांडेय ने राजद से सवाल पूछा है कि क्या उनकी पार्टी में केवल गुंडागर्दी करने की सीख दी जाती है। जहां महिलाओं को कैसे गाली देकर अपमानित किया जाए उसका भी प्रशिक्षण दिया जाता है। क्या महिलाओं को अपमानित करना व उन्हें अभद्र भाषा बोलना राजद की नीयति है। श्री पांडेय ने आगे कहा कि देश की राजनीति में अनुसूचित जाति के राजनेता के तौर पर सशक्त पहचान बनाने वाले दिवंगत नेता रामविलास पासवान जी के पुत्र श्री चिराग पासवान को राजद नेता ने चुनावी सभा में तेजस्वी यादव के सामने मां - बहन की गाली दे दी। मगर तेजस्वी यादव ने न तो उसे रोका और न ही एक शब्द कुछ कहा। जिसका वीडियो अब वायरल हो चुका है और जन-जन तक पहुंच गया है। मैं इस घटना की कड़ी आलोचना करता हूं। श्री तेजस्वी यादव माफी मांगे और अपशब्द कहने वाले अपने उस नेता को दंडित करें।

श्री पांडेय ने कहा कि यदि श्री तेजस्वी यादव में थोड़ी भी नैतिकता होती तो वो इस घटना की निंदा करते। मगर उन्होंने इस घटना से पल्ला झाड़ दिया और संवेदनहीन बयान दे डाला। उनकी सोच इस बात का गवाह है कि राजद व उनकी पार्टी मां और बहन को लेकर अपशब्द कहे जाने पर भी विचलित नहीं होते। ये अपमान केवल चिराग जी की मां या बहन का नहीं बल्कि प्रदेश की सभी मां - बहनों का है। राजद हमेशा अनुसूचित व पिछड़ी जातियों की मां - बहनों के प्रति अपमान का भाव रखती रही है। आपको याद होगा जब देश के सर्वोच्च पद पर अनुसूचित जाति व आदिवासी महिला के तौर पर द्रौपदी मुर्मू जी का नाम एनडीए ने सामने लाया तो उस समय भी राजद ने इसका विरोध किया था।

श्री पांडेय ने कहा कि वायरल वीडियो में साफतौर पर राजद के पूर्व मंत्री व नेता विजय यादव उस नेता से संवाद करते नजर आए। जो अभद्र भाषा बोल रहा था। उस समय तेजस्वी यादव मंच पर थे। उन्होंने साफतौर से चिराग जी के प्रति बोली गयी अभद्र भाषा को सुना। मगर अनदेखी कर गए। मतलब साफ है कि उनकी विचारधारा आज भी समाज में नफरत व गाली - गलौज को प्राथमिकता देने की है। वो प्रदेश के एक कुशल राजनेता के परिवार पर हुए कटाक्ष को अनसुनी कर सकते हैं तो आम जनता के प्रति उनका क्या भाव रहेगा। प्रदेश की मां - बहनों की सुरक्षा का वादा वो भला कैसे करेंगे।

# मुर्शिदाबाद में राम नवमी पर प्राणघातक हमले की एनआईए से हो जांच : विहिप

**नई दिल्ली (नवशक्ति)**

विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) ने मुर्शिदाबाद में रामनवमी के पावन अवसर पर निकल रही शोभायात्रा पर जिहादियों के द्वारा किये गए प्राण घातक हमले की कठोर शब्दों में निंदा करते हुए उसे एक आतंकवादी घटना बताया है तथा उसकी एनआईए द्वारा जांच की मांग की है। विहिप के केन्द्रीय संयुक्त महा-मंत्री डॉ सुरेन्द्र जैन ने आरोप लगाया है कि यह हमला टीएमसी के संरक्षण में वहां के जिहादियों के द्वारा किया गया जिसमें दर्जनों हिंदू घायल हुए और दसियों लोग अभी तक गंभीर रूप से घायल होकर अस्पताल में पड़े हैं। हिंदू समाज की सुरक्षित और स्वाभिमान पूर्ण जीवन जीने को सुनिश्चित करने के लिए विहिप ने घटना के विरुद्ध राज्य व्यापी प्रदर्शन कर राज्यपाल को ज्ञापन देने की घोषणा भी की है। डॉ जैन ने कहा कि मुर्शिदाबाद में रामनवमी के पावन अवसर पर निकल रही शोभायात्रा पर जिहादियों के द्वारा किया गया प्राण घातक हमला एक आतंकवादी घटना से कम नहीं है। घरों की छतों से पत्थर फेंके गए, शोभा यात्रा में शामिल हिंदुओं पर बम फेके गए, तलवारों से हमला किया गया और घेर कर जान से मारने की कोशिश की गई। यह सब एक दिन की तैयारी से नहीं हो सकता था। हफ्तों से तैयारी चल रही होगी, जिसकी जानकारी टीएमसी और सरकार को ना हो यह संभव नहीं है। विहिप का आरोप है कि यह हमला टीएमसी के संरक्षण में वहां के जिहादियों के द्वारा किया गया जिसमें दर्जनों हिंदू घायल हुए और दसियों लोग अभी तक गंभीर रूप से घायल होकर अस्पताल में पड़े हैं।उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी अपनी प्रत्येक सभा में शांति की अपील कर रही थी और रामनवमी पर दंगे की आशंका व्यक्त कर रही थी।

वास्तव में वे इसकी आड़ में मुस्लिम समाज को भड़का रही थी। यात्राओं पर हमला करवाने के लिए यही काम इन्होंने पिछले वर्ष भी किया था जब शांति की अपील करने के बाद भी 15 से अधिक यात्राओं पर हमले हुए थे।विहिप के संयुक्त महा सचिव ने कहा कि ऐसा लग रहा है कि बंगाल में हिंदू अपनी ₹मां माटी मानुष₹ तीनों को सुरक्षित नहीं रख सकता है। उसे अपनी यात्राओं के लिए माननीय उच्च न्यायालय की अनुमति लेनी पड़ती है। जिन स्थानों पर सरकार ने अनुमति दी भी उनमें से कई जगह वापस लिया गया। जादवपुर विश्वविद्यालय में पहले अनुमति देना बाद में वापस लेना इसी बात का संकेत है। उन्होंने बोला कि बंगाल का हिंदू समाज अब और अधिक इस हिंदू विरोधी वातावरण को सहन नहीं कर सकता। वह इसका मुकाबला करने के लिए खड़ा हो गया है और इसीलिए रामनवमी की शोभायात्रा में लाखों की संख्या में राम भक्त आते हैं। बंगाल के हिंदू ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि जब भी कोई क्रांति होगी उसका प्रारंभ बंगाल से होगा और बंगाल से भगवा क्रांति प्रारंभ हो चुकी है।उन्होंने घोषणा की कि विश्व हिंदू परिषद इसका प्रत्येक प्रजातांत्रिक तरीके से मुकाबला करेगी। हम माननीय उच्च न्यायालय में जा रहे हैं और इस आतंकी हमले की जांच एनआईए के द्वारा हो इसकी मांग करेंगे क्योंकि जो प्रशासन मिलीभगत कर रहा है। वह अपने ही कारनामों की जांच नहीं कर सकता। हम माननीय राज्यपाल से भी मिलेंगे।

उनसे कहेंगे कि बंगाल की स्थिति में सभी प्रकार के संवैधानिक उपाय का प्रयोग करें और हिंदुओं को स्वाभिमान और सुरक्षा पूर्ण जीवन जीने के अधिकार को सुनिश्चित करें। हम प्रत्येक जिला स्थान पर प्रदर्शन करके ज्ञापन भी देंगे और राज्यपाल सहित सभी संवैधानिक अधिकारियों को इन सारे विषयों पर अवगत कराएंगे और हिंदू समाज की सुरक्षित और स्वाभिमान पूर्ण जीवन जीने को सुनिश्चित करने के उपायों पर चर्चा करेंगे।

# मिथिला के पाहुन प्रभु श्रीराम को जिसने टेंट से निकालकर ठाट से धाम में बैठाया, वोट उसी को मिलेगा

**दरभंगा (नवशक्ति)।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज मिथिला की धार्मिक और ऐतिहासिक धरा दरभंगा पहुंचे। भाजपा के कार्यकताओं ने श्री चौधरी का जोरदार स्वागत किया। श्री चौधरी एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी श्री गोपालजी ठाकुर जी के आशीर्वाद सह नामांकन समारोह में सम्मिलित हुए और मिथिलावासियों अपना वोट सूझबूझ के साथ एनडीए प्रत्याशी को देने का आग्रह किया।

श्री चौधरी ने आशीर्वाद समारोह में आये लोगों की भारी भीड़ को संबोधित करते हुए कहा कि मिथिला की धरती माँ जानकी की धरती है। मां जानकी की पावन धरती के लोगों के लिए प्रभु श्रीराम पाहुन है। अयोध्या में श्री राम के भव्य मंदिर में प्रवेश की खुशी तो देश और दुनिया के करोड़ों सनातन प्रेमियों की थी, लेकिन सबसे अधिक खुश मिथिला के लोग हुए। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि मिथिला के पाहुन प्रभु श्रीराम को जिसने टेंट से निकालकर ठाट से धाम में बैठाया, वोट उसी को मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रभु श्री राम पिछले 500 वर्षों से ऐसे भगीरथ की तलाश में थे जो उन्हें टेंट से मंदिर तक पहुंचा सके। प्रधानमन्त्री ने देश के चार करोड़ गरीब परिवारों को



पक्का मकान दिया तो प्रभु श्रीराम को भी टेंट से निकालकर भव्य मंदिर में स्थापित किया। उन्होंने कहा कि कुछ लोग प्रभु श्रीराम के अस्तित्व पर ही प्रश्नचिन्ह खड़ा करते थे। लोग आज रामचरितमानस को लेकर सवाल उठाते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रधानमंत्री ने विकसित भारत और समृद्ध भारत का सपना देखा है। वे इस ओर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने लोगों से बिहार की 40 की 40 सीट प्रधानमंत्री की झोली में देने का आग्रह किया जिससे देश में एनडीए 400 पार हो सके। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री नित्यानन्द राय, संजय कुमार झा जी समेत अन्य वरिष्ठ नेतागण और दरभंगा के लोग मौजूद थे।

# बाइक से दोस्त की शादी में जा रहे, दो युवक की मौत, एक घायल

**थरथरी(नालंदा)(नवशक्ति)।** पटना जिला के बारवां गांव में अपने मित्र के शादी समारोह में शामिल होने जा रहे बाइक सवार तीन युवक बेलदारीचक निर्माणधीन पुल से बाइक सहित तीनों युवक नीचे गिर गया। जिसमें दो युवक की मौत हो गई।

दोनों मृतक थरथरी थाना के क्षेत्र के मेहतरवां निवासी 20 वर्षीय आशुतोष उर्फ बबन कुमार व वीरमणी बिंद के 17 वर्षीय पुत्र बोचा कुमार है।

मृतक के स्वजन ने बताया कि तीनो दोस्त आशुतोष उर्फ बमबम, अनिकेत उर्फ बोचा व अखिलेश कुमार मेहतरवां गांव से एक बाइक पर सवार होकर अपने मित्र के शादी



मृतक का फाईल फोटो

में पटना जिले के बारवां जा रहा था। रास्ते में गौरीचक थाना क्षेत्र के शरीफाबाद में निर्माण हो रहे बेलदारीचक गांव के समीप निर्माणधीन पुल पर से बाईक जा गिरा। जिसमें आशुतोष कुमार एवं बोचा कुमार का मौत घटना स्थल पर हो गई । जबकि अखिलेश कुमार गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मी का इलाज गौरीचक परसन बिगहा में चल रहा है। मृतक आशुतोष कुमार की पत्नी गर्भावस्था में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र थरथरी में भर्ती है। बताया जाता है कि उसकी शादी एक वर्ष पूर्व नूरसराय थाना क्षेत्र के दरियाचक में हुई थी।

# सोनपुर से दरियापुर तक चला रुडी का जनसंपर्क, ढ़ोल नगाड़े के साथ हुआ स्वागत

**सोनपुर / दरियापुर ,(नवशक्ति)।** सारण लोकसभा क्षेत्र से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन से भाजपा प्रत्याशी राजीव प्रताप रुडी ने गुरूवार को सोनपुर और परसा विधानसभा क्षेत्र के 21 गाँवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान कई जगहों पर लोगों ने उन्हें फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस मौके पर सांसद सह भाजपा प्रत्याशी रुडी के साथ अमनौर विधायक मंटू सिंह और भाजपा, जदयू, लोजपा (आर), हम और रालोम के कार्यकर्ता थे। मालूम हो कि निवर्तमान सांसद रुडी के द्वारा दरियापुर प्रखंड में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 46 लोगों को 1 करोड़ 8 लाख का अनुदान मिला है तो वही मुख्यमंत्री चिकित्सा राहत कोष से 3 करोड़ 59 लाख रुपये से दरियापुर के 402 लोग लाभान्वित हुए है। इसी तरह दरियापुर प्रखंड में 60 से अधिक बच्चों का केंद्रीय विद्यालय में नामांकन भी हुआ है। यही कारण है कि भाजपा प्रत्याशी के चुनावी जनसंपर्क के दौरान उनके समर्थन में



गांव का गांव उन्हें देखने और सुनने को जिस प्रकार उमड़ रहा है वह भाजपा के पक्ष में सारण लोकसभा क्षेत्र में बहती हवा और रुडी की लोकप्रियता को बखूबी प्रदर्शित करता है ।रुडी ने हर दिन की तरह गुरूवार को सोनपुर विधानसभा क्षेत्र के शीतलपुर बाजार, जगदीशपुर से जनसंपर्क शुरू करते हुए परसा विधानसभा क्षेत्र के नगवां, दुबेर्ला, मुशेहरी, हरिहरपुर, बेला, महम्मदपुर, ठिकहा, ककरहट, सुतिहार नन टोली, सुतिहार ठाकुरबाड़ी, सुतिहार मठिया भगवती स्थान, पिरारी चौक, पिरारी डीह, हरिहरपुर ब्रह्म स्थान, हरिहरपुर नन टोला, ननफर बाजार में जनसंवाद किया। जनसंवाद में भाजपा के संकल्प पत्र को मोदी की गारंटी का संकल्प पत्र 2024 कहते हुए उन्होंने कहा कि यह केवल संकल्प पत्र नहीं, मोदी पर भरोसा और नये संकल्पों की सिद्धि का प्रण है। माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदीजी के नेतृत्व में नारी, किसान, युवा एवं अन्य सभी वर्गों के सशक्तिकरण के संकल्प पूर्ण होंगे। जनसंपर्क के दौरान हरेक गांवों में रुडी का भाजपा और सहयोगी दल जदयू, लोजपा, हम और रालोम के कार्यकताओं के साथ ग्रामीणों ने फूल माला पहना कर और कई जगह आरती उतारकर कर अभिनंदन किया। प्रचंड गर्मी और तेज धूप के बावजूद बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उपस्थित होकर रुडी की बातों को सुना और आने वाले चुनाव में भाजपा और उनके पक्ष में मतदान कर फिर एक बार मोदी सरकार बनाने का संकल्प लिया। सांसद ने कहा कि पिछले 10 साल में मोदी सरकार में देश में कई बड़े कार्य हुए है जिससे जीवन आसान हुआ है। जिस प्रकार देश में जनता को मोदी की गारंटी मिली है उसी प्रकार सारणवासियों को रुडी की गारंटी मिली है।

# पटना साहिब राजग कार्यालय का हुआ विधिवत उद्घाटन

पटना ( नव शक्ति )



पूर्व केंद्रीय मंत्री सांसद रविशंकर प्रसाद एक बार फिर से पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र से एनडीए के उम्मीदवार है। भाजपा संगठन महामंत्री भिखुभाई दलसानिया के साथ भाजपा प्रत्याशी रविशंकर प्रसाद ने आज अपने लोकसभा चुनाव कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया।

इस अवसर पर विधायक डॉ संजीव चौरसिया तथा अरुण सिन्हा, विधान पार्षद अनामिका सिंह पटेल,प्रो. रणबीर नंदन, लोकसभा संयोजक रामजी सिंह समेत पटना ज़िले के एनडीए घटक दल के सभी ज़िला अध्यक्ष हम के जिला अध्यक्ष रणविजय पासवान, लोजपा के जिला अध्यक्ष चंदन यादव, जेडीयू के जिला अध्यक्ष आसिफ कमाल,रालोजपा के जिला अध्यक्ष खुर्शीद अहमद तथा ज़िला पदाधिकारी उपस्थित थे।

सांसद रविशंकर प्रसाद ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पटना लोकसभा क्षेत्र में अपनी उपलब्धियों के साथ भविष्य की चुनौतियों की भी चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी के चार सौ सीटें के लक्ष्य को हासिल करने के लिए श्री प्रसाद ने बूथ स्तर पर पूरे लगन से चुनाव की तैयारी में लगने की अपील की, इसके साथ ही, प्रत्येक बूथ पर अपने पक्ष में अधिकतम वोटिंग कराने के उद्देश्य से घर घर जाकर मतदाताओं से संपर्क करने के लिये रविशंकर प्रसाद ने कार्यकर्ताओं को संकल्पित किया।

भाजपा संगठन महामंत्री भिखुभाई दालसानिया ने उपस्थित कार्यकर्ताओं से लोकसभा क्षेत्र के सभी बूथों पर 10-20 प्रतिशत ज्यादा मतदान कराने का आह्वान किया, उन्होंने कहा कि यदि हम बूथों पर वोट प्रतिशत बढ़ाने में कामयाब हो गये तो निश्चित ही पटना साहिब की जीत पूरे भारत में सर्वाधिक वोट के अंतर से जीतने वाला पहले पाँच सीटों में से एक होगा।

इस कार्यक्रम को कुम्हरार विधायक अरुण सिन्हा,दीघा विधायक डॉ संजीव चौरसिया, विधान पार्षद अनामिका सिंह पटेल ने भी संबोधित किया। चार लाख मतों की अंतर के साथ पटना साहिब की जीत के साथ ही प्रधानमंत्री मोदी के चार सौ पार सीटों के लक्ष्य को पूरा करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अभिषेक कुमार और मंच संचालन कुमार राघवेन्द्र ने किया।

इस अवसर पर बिहार भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सरोज रंजन पटेल, प्रदेश मंत्री संजय गुप्ता, बिहार भाजपा कार्यालय प्रभारी अरविंद शर्मा, बाढ़ जिलाध्यक्ष अरुण साह, बख्तियापुर के पूर्व प्रत्याशी रणविजय सिंह, फतुहा के पूर्व प्रत्याशी सतेंद्र सिंह सहित पटना साहिब लोकसभा के सभी प्रमुख पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहें।

# राष्ट्रीय जनता दल को महिला और दलित विरोधी : राजेश भट्ट

पटना ( नव शक्ति )



लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के मुख्य प्रवक्ता डॉ. राजेश भट्ट ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर तेजस्वी की जमुई में आयोजित जनसभा के दौरान उनके नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान जी के माताजी के विरुद्ध सरेआम गाली देना और जाति सूचक शब्दों के प्रयोग को लेकर राष्ट्रीय जनता दल को महिला और दलित विरोधी बताया है। डॉ. भट्ट ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल का महिला और दलित विरोधी चाल चरित्र और चेहरा एक बार फिर से उजागर हो गया है। डॉ० भट्ट ने राष्ट्रीय जनता दल पर आरोप लगाया उक्त घटना पार्टी की सोची समझी रणनीति का हिस्सा है जिससे नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी कतई इनकार नही कर सकते क्योंकि घटना स्थल पर वे स्वयं मौजूद थे, बावजूद इस घृणित कृत्य पर उन्होंने कोई प्रतिरोध नही जताया, जो बेहद दुखद है। इस मामले पर तेजस्वी का घटना स्थल पर मौन रहना उनकी मौन सहमति और महिला और दलित विरोधी सोच को दर्शाता है। उक्त घटना की जितनी भी निंदा की जाय वह कम है। डॉ. भट्ट ने कहा कि यह अपमान सिर्फ एक मां की नही बल्कि पूरी मातृशक्ति का अपमान है, बावजूद तेजस्वी जी ने इस घटना पर खेद व्यक्त करना भी उचित नही समझा। डॉ.भट्ट ने कहा कि तेजस्वी को एक महिला और एक मां का अपमान के लिए उन्हें पूरे बिहार के माताओं से सार्वजनिक तौर पर माफी मांगनी चाहिए और अपने नेताओं और कार्यकर्ताओं पर उन्हें सख्त से सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। डॉ. भट्ट ने प्रेस को बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान जी के खिलाफ न केवल अपशब्दों का इस्तेमाल किया बल्कि जाति सूचक शब्दों का भी इस्तेमाल कर दलित नेता और एक महिला का घोर अपमान किया गया है, जो कानूनी तौर पर भारतीय आई.पी.सी. 123/3 आर.पी. एक्ट 1951 एवं धारा 171 सी एवं 71 एफ का खुला उल्लंघन है इसके अलावे यह अनुसूचित जाति/जनजाति 3(1)(आर)(एस)/3(2)(भीए) एक्ट के अंतर्गत भी दण्डनीय अपराध है और चुनाव आयोग द्वारा आचार संहिता का उल्लंघन है।

# भीषण गर्मी में जल संकट से जूझ रहे हैं ग्रामीण, मुखिया पर वादा खिलाफी का लगाया आरोप



बिहारशरीफ(नवशक्ति)

नालंदा जिला अंतर्गत रहुई प्रखंड के सोनसा पंचायत के रामपुर गांव के वार्ड नंबर 11 में पिछले 3 सालों से ग्रामीणों को पानी की भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। अशोक मुखिया के वादों के बावजूद, वार्ड नंबर 11 में कई घरों में आज भी नल जल कनेक्शन नहीं मिल पाया है। इस भीषण गर्मी में, पानी की कमी से लोगों का जीना मुश्किल हो गया है।

उमेश यादव, रामप्रवेश यादव, रामबालक यादव एवं ललिता देवी जैसे पीड़ितों का कहना है कि उन्हें बार-बार मुखिया से गुहार लगाने के बावजूद कोई राहत नहीं मिली है। पानी के लिए इधर-उधर भटकने को मजबूर ग्रामीण 5-7 दिन में भी एक बार स्नान कर पाते हैं। पीने के पानी के लिए भी लोग तरस रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि उन्होंने मुखिया को आधार कार्ड दे दिया था, लेकिन फिर भी उन्हें कनेक्शन नहीं दिया गया। बार-बार आश्वासन के बाद भी, समस्या जस की तस बनी हुई है। हताश ग्रामीणों का कहना है कि अब उनका धैर्य जवाब दे रहा है।

इस मुद्दे पर मीडिया कवरेज के लिए जब टीम रामपुर गांव पहुंची, तो स्थानीय मोटर ऑपरेटर ने पीड़ित ग्रामीणों को धमकाने की कोशिश की। अब देखना यह है कि अधिकारी इस पर क्या कार्रवाई करते हैं।

# पटना साहिब में संपन्न हुई राजग समन्वय बैठक

पटना ( नव शक्ति )

## विकास की किरण पटना साहिब में आगे और अधिक दिखेगा : सम्राट चौधरी



एक अनूठी पहल के अंतर्गत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की समन्वय बैठक आज जदयू के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष वशिष्ठ नारायण सिंह के आवास पर हुई जिसमें घटक दल के सभी पार्टी जिला अध्यक्ष, वरिष्ठ नेतागण एवं राजग के प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित हुए। बैठक में चुनाव की तैयारियों को लेकर घटक दल के सभी नेतागण ने अपनी सुझाव दी और कार्यकताओं को संबोधित किया। सभी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री व 'अबकी बार 400 पार' के संकल्प को साकार करने के लिए संकल्प लिया साथ ही रविशंकर प्रसाद को 4 लाख से अधिक मतों से जिताने का संकल्प लिया गया

इस अवसर पर सभी नेतागण ने पटना साहिब से रविशंकर प्रसाद को चार लाख से अधिक मतों से जिताने के लिए कार्यकताओं से जनसंपर्क बढ़ाने का आग्रह किया। हर कार्यकर्ता हर बूथ पर कमल खिलाकर पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र से सबसे बड़ी जीत दर्ज कर आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के ₹अबकी बार 400 पार₹ के संकल्प में अपनी हिस्सेदारी सुनिश्चित करने का प्रण ले चुके है।

भाजपा प्रदेश सह बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बैठक को संबोधित करते हुए पटना के विकास के लिए सरकार की योजनाओ की विस्तार से चर्चा की, उन्होंने बताया की अंग्रेजो के बाद पटना के इंफ्रास्ट्रक्चर के ऊपर के कोई गंभीर प्रयास नही हुए लेकिन अब केंद्र की मोदी सरकार ने पटना में मेट्रो रेल के साथ कई सड़क परियोजनाओं पर काम हुआ है और आगे भी होने वाला है ,इसके साथ ही बिहार सरकार पांच नई सैटलाइट कॉलोनी पटना के आसपास विकसित किए जाएंगे ।राज्य सरकार का पूरा ध्यान राजधानी पटना के विकास कार्यों पर है, रविशंकर प्रसाद के प्रयास से पटना साहिब में विकास की किरण आगे और अधिक दिखेगा।

श्री प्रसाद ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजग सरकार के द्वारा देश और राज्य में किए गए विकास कार्य तथा अपने संसदीय क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। श्री प्रसाद ने सभी कार्यकर्ताओं का अभिनंदन करते हुए हर बूथ पर कमल खिलाने का आव्हान किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के मूल मंत्र पर काम कर रहे हैं इसीलिए राजग को हर वर्ग का साथ मिल रहा है।

जदयू के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष वसिष्ठ नारायण सिंह अस्वस्थ होने के बावजूद बैठक को संबोधित करने पहुंचे और रविशंकर प्रसाद से अपने पुराने व मधुर संबंध को हवाले देते हुए सभी घटक दल के कार्यकताओं से राजग प्रत्याशी रविशंकर प्रसाद को 4 लाख से अधिक मतों से जिताने का आह्वान किया। उन्होंने श्री प्रसाद के व्यक्तित्व और उनके द्वारा किए पटना और राष्ट्रीय स्तर पर किए गए कार्यों की सराहना की। बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, पटना साहिब प्रत्याशी रविशंकर प्रसाद, जदयू के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष वशिष्ठ नारायण सिंह, विधायक सह मंत्री नितिन नवीन, विधायक अरूण सिंह, डॉ. संजीव चौरसिया, विधानपरिषद सदस्य अनामिका सिंह, संजय गांधी, जदयू के प्रदेश महासचिव अनिल कुमार, पूर्व विधानपरिषद सदस्य वाल्मीकि सिंह, रणवीर नंदन, बिहार भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष संजय खंडेलिया, भाजपा पटना महानगर जिलाध्यक्ष अभिषेक कुमार सहित सभी घटक दलों के जिलाध्यक्ष व पदाधिकारी उपस्थित रहें।

## संक्षिप्त खबर

### बच्चे अपने अभिभावकों को मतदान के लिए करें प्रेरित : डा. मानव



बिहारशरीफ(नवशक्ति)। आगामी एक जून को नालंदा में होने वाले लोकसभा चुनाव को देखते हुए मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से किशोर किशोरियों के बीच कई कार्यक्रम चलाया जा रहा है ।उन्हें अपने परिजनों को जागरुक करने हेतु प्रेरित करने का कार्य स्वीप आइकॉन डा. आशुतोष कुमार मानव विभिन्न तरीकों से कर रहे हैं ।

गुरुवार को हिलसा के कौटिल्य नगर स्थित टॉपर्स वैली में क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन कर मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया । लोकतंत्र से सम्बंधित सामान्य ज्ञान पर प्रश्नोत्तरी हुई जिसमें उत्कृष्ट स्थान लाने वाले प्रतिभागी अर्पण कुमार, स्नेहा केशरी, शालिनी कुमारी को डा. मानव ने पुरस्कृत किया ।उन्होंने शहर- विभिन्न शिक्षण संस्थानों में जाकर चुनावी पाठशाला लगायी तथा बच्चों को लोकतांत्रिक प्रणाली में नागरिकों के अधिकार के बारे में बताया ।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डा. मानव ने कहा कि एक एक वोट की कीमत होती है इसलिए किसी का वोट बेकार न जाने पाए ।मानव ने किशोर किशोरियों को खास तौर से जागरुक किया तथा कहा कि आप लोग अपने अपने मुहल्ले में पड़ोसियों को भी मतदान के प्रति जागरुक कीजिए ताकि वोटिंग का प्रतिशत बढ़े। पहले मतदान फिर जलपान का नारा बुलंद करते हुए सभी प्रतिभागियों को संकल्प भी दिलाया गया ।

### हरिओमपुर के विद्या भूषण ने डीएम के जनता दरबार में जमीन से संबंधित खातों का परिमार्जन ऑनलाइन अंकित करने की मांग की



बिहारशरीफ(नवशक्ति)। दैनिक जनता दरबार में जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने आज गुरुवार को 16 लोगों की समस्याओं को सुना तथा समस्याओं के निदान हेतु संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निदेश दिए । हरिओमपुर ग्राम के आवेदक विद्या भूषण प्रसाद द्वारा बताया गया कि मेरे जमीन से संबंधित खातों का परिमार्जन कर ऑनलाइन अंकित किया जाय ।जिलाधिकारी द्वारा समस्या निवारण हेतु लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, नालंदा को जांच करने के लिए निर्देशित किया गया है । आवेदक के द्वारा बताया गया कि मेरे रैयती जमीन गलत तरीके से बेचा गया है। जिलाधिकारी द्वारा समस्या निष्पादन हेतु अंचलाधिकारी रहुई को निर्देशित किया गया है । आवेदिका किरण देवी द्वारा बताया गया कि द्वारा मेरे पति के मृत्यु हो जाने से बैंक लोन चुकाने में असमर्थ हूं। जिलाधिकारी द्वारा समस्या निष्पादन हेतु बैंकिंग शाखा प्रभारी, नालंदा को निर्देशित किया गया है ।अन्य आवेदनों को भी संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को भेजते हुए समाधान हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए ।

# चंपारण को मिनी चंबल बनाने वालों को मुंहतोड़ जवाब देगी जनता : राजीव रंजन



बगहा/पटना। आज बगहा में एनडीए गठबंधन की संयुक्त प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया. वार्ता को जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने संबोधित किया.

संबोधित करते जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने राजद-कांग्रेस गठजोड़ पर जम कर हमला किया है.

उन्होंने कहा कि राजद-कांग्रेस जैसी पार्टियां अपने प्रमुख परिवारों में इतनी अंधी हो चुकी हैं कि उन्हें जनता का हित दिखायी देना बंद हो गया है. यह राजद-कांग्रेस का कुशासन ही था जिसने गाँधी के चंपारण को मिनी चंबल के नाम से कुख्यात कर दिया था. आज भले ही नीतीश सरकार में परिस्थितियां बदल गयी है लेकिन राजद-कांग्रेस के नेताओं की मानसिकता जस की तस है. इन्हें विकास से इतनी चिढ़ है कि यह अभी भी जनता को बरगलाकर बिहार और चंपारण को फिर से लालटेन युग में ले जाना चाहते हैं. यह लोग जान लें कि जमाना बदल चुका है, उनका झूठ अब चलने वाला नहीं है.

राजद को झूठ की दुकान बताते हुए उन्होंने कहा कि जिस तरह राहुल गाँधी झूठ के सहारे चर्चा में बने रहना चाहते हैं, उसी नीति पर अब राजद के युवराज भी चल चुके हैं चाहते. इनका पूरा समय नये झूठ गढ़ने और उसे भुनाने की कोशिशों में निकल जाता है. सीना ठोक कर झूठ बोलने के यह इतने आदि हो चुके हैं कि इन्हें नीतीश सरकार के कामों का झूठा श्रेय लेने में भी शर्म नहीं आती. ह्यहिट एंड रनह्ण की शैली में तेजस्वी रोज दूसरों पर सवाल उठाते हैं लेकिन जब उनसे सवाल पूछे जाते हैं तो वह भाग खड़े होते हैं. तेजस्वी को बताना चाहिए कि आखिर सवालों का सामना करने से वह डरते क्यों हैं?

राजद से सवाल पूछते हुए उन्होंने कहा कि जनता को विकास का झूठा पाठ पढ़ा रहे राजद नेताओं को बताना चाहिए कि क्या यह सच नहीं है कि उनके 15 वर्षों के शासन में 114 नरसंहार हुए थे, जिसमें महिलाओं, बच्चों समेत हजारों लोगों ने अपनी जाने गवाई थी? राजद बताएं कि इनका जिम्मेवार कौन था? वह बताये कि क्या नीतीश सरकार ने इसे बंद नहीं करवाया?

उन्होंने पूछा कि क्या राजद काल में अपहरण, रंगदारी और भ्रष्टाचार उद्योग की तरह नहीं चलते थे, जिनपर नीतीश राज में लगाम लगी ? राजद बताये कि लालू जी का सावन में मटन बनाना, तेजस्वी जी का नवरात्र में मछली खाना और उनके नेताओं का रामचरितमानस व मां दुर्गा को गाली देना आखिर सनातन का अपमान कैसे नहीं है? ऐसे ओछी राजनीति राजद किसके कहने पर कर रहा है? जदयू प्रवक्ता ने पूछा कि नीतीश जी के 7 निश्चयों के तहत दी गयी बहालियों का झूठा श्रेय ले रहे तेजस्वी को बताना चाहिए कि क्या शिक्षकों की बहाली के समय इनके शिक्षा मंत्री ऑफिस जाते थे? बहालियों की फाइल पर उनके दस्तखत क्यों नहीं है? वह बताएं कि राजद के 15 साल के राज में कितनी नौकरियां दी गयी थीं?

# बिहार की एकमात्र महिला मुख्यमंत्री रहीं राबड़ी देवी कहां है? : राकेश कुमार सिंह



पटना। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता राकेश कुमार सिंह ने सवाल करते हुए कहा कि तेजस्वी यादव बताएं की बिहार की एकमात्र महिला मुख्यमंत्री रही राबड़ी देवी जी कहां हैं? चुनावी सभा से दूर क्यों रखा गया है?

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता राकेश सिंह ने कहा कि तेजस्वी यादव बताएं आखिर क्या कारण है कि बिहार के मुख्यमंत्री रही राबड़ी देवी जी को जनता के सामने नहीं आने देना चाहते हैं आखिर क्या छुपा रहे हैं बिहार की जनता यह जानना चाहती है कि हमारे पूर्व मुख्यमंत्री को कहां छुपा कर रखा गया है ' बिहार के आम जनों के जेहन में यह बड़ा सवाल कौंध रहा है ' कल बिहार में प्रथम चरण का चुनाव होगा एक चरण के बीत जाने के बाद भी बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री को नहीं देखना काफी चिंताजनक दिख रहा है ' तेजस्वी यादव यह बताने का प्रयास जरुर करेंगे कि आखिर किन कारणों से उन्हें चुनाव से अलग रखा गया है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक तरफ महिलाओं के मनोबल को बढ़ाने का काम कर रहे हैं तो दूसरी ओर उसके मान-सम्मान और स्वाभिमान की रक्षा करने के लिए भी सभी कदम उठा रहे हैं ।आज भारत की महिलाएं हर क्षेत्र में अव्वल स्थान पर रह रहे हैं चाहे राजनीतिक सामाजिक एवं आर्थिक क्षेत्र हो प्रत्येक क्षेत्र में महिलाएं बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रही हैं किंतु बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री रही राबड़ी देवी जी को घर के चहरदीवारी के अंदर रखा जाना उचित नहीं है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि बिहार की जनता की मांग है कि उनके बारे में स्पष्ट जानकारी दी जाए जिससे कि द्वंद्व की स्थिति समाप्त हो।

# क्या कांग्रेस को लड़ने के लिए उम्मीदवार नहीं मिले: आर.के. सिन्हा

पटना (नवशक्ति)

लोकसभा चुनाव का सारे देश में माहौल बन चुका है और इस दौरान एक बात पर राजनीति की गहरी समझ रखने वाले ज्ञानियों को गौर करना होगा कि कांग्रेस लगभग 330 सीटों पर ही क्यों चुनाव लड़ रही है। 543 सदस्यों वाली लोकसभा में सरकार बनाने का ख्वाब देखनी वाली कांग्रेस के इतने कम सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़ी करने की क्या वजह है? क्या उसे कायदे के उम्मीदवार नहीं मिले ? कांग्रेस ने 1999 के लोकसभा चुनाव में 529 उम्मीदवार उतारे थे। उसके बाद 1998 में 477,1999 में 453, 2004 में 417, 2009 में 440, 2014 में 464 और 2029 में 421 उम्मीद उतारे। इस बार कांग्रेस के उम्मीदवारों की तादाद में पिछले लोकसभा चुनाव की तुलना में भारी गिरावट होने जा रही है। कांग्रेस के नेता लाख तर्क दें कि उनकी पार्टी क्यों कम सीटों पर उम्मीदवारों को उतार रही है, पर सच यही है कि सन 2014 के बाद देश में नरेन्द्र मोदी के उदय के साथ ही कांग्रेस का संध्याकाल शुरू हो गया था। बीते दसेक सालों के दौरान, कांग्रेस उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र वगैरह में तेजी से सिकुड़ी है। इन राज्यों में लोकसभा की कुल मिलाकर 40 फीसद के आसपास सीटें हैं ।जिस राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को कांग्रेस अपना शिखर नेता मानती है वे भी अपनी पार्टी का भाग्य नहीं बदल पा रहे हैं। 1989 से कांग्रेस उत्तर प्रदेश की सत्ता से बाहर है। वहां उसके अंतिम मुख्यमंत्री वीर बाहदुर सिंह थे। यह वही उत्तर प्रदेश है जो कि कांग्रेस का गढ़ हुआ करता था और नेहरू परिवार का निवास भी क आगामी लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश 17 सीटों पर लड़ रही है। अगर अब भी कांग्रेस के नेताओं और कार्यकताओं ने नेहरू-गांधी परिवार की गुलामी नहीं छोड़ी तो उनकी पार्टी जल्दी ही इतिहास के पन्नों में ही रह जाएगी ।राहुल और प्रियंका गांधी को जमीनी हकीकत से कोई लेना-देना नहीं है। इनके आशीर्वाद से जेएनयू के टुकड़े झटुकड़े गैंग के नेता कन्हैया कुमार की कांग्रेस में एंट्री हुई थी। अब उसे कांग्रेस ने राजधानी की नॉर्थ ईस्ट सीट से अपना उम्मीदवार बना दिया है। यह वही कन्हैया कुमार हैं जो कहते रहे हैं कि भारतीय सेना के जवानों ने कश्मीर में बलात्कार जैसे घिनौने कृत्य किए हैं। राहुल औप प्रियंका गांधी ने कभी बताया नहीं कि कन्हैया कुमार किसलिए और किस आधार पर सरहदों की रक्षा करने वाली भारतीय सेना पर आरोप लगाते रहे हैं? आप अगर देश विरोधी तत्वों का साथ दोगे तो फिर आपको चुनावों में जनता जवाब तो देगी ही ।कन्हैया कुमार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कांग्रेस कार्य समिति में जगह देकर संदेश दे दिया था कि उन्हें उन तत्वों से कोई परहेज नहीं हैं जो भारतीय सेना पर कश्मीर में बलात्कार करने के आरोप लगाते रहे हैं। बेशक, देश कन्हैया कुमार को कभी माफ नहीं करेगा क्योंकि उसने सेना पर मिथ्या आरोप लगाए। कन्हैया कुमार ने पिछला लोकसभा चुनाव बेगूसराय से लड़ा था और वे बुरी तरह से हारे थे। वे तब भाकपा में थे। उनके लिए



टुकड़े-टुकड़े गैंग के सदस्यों ने बेगूसराय में डेरा डाला हुआ था। ये सब सोशल मीडिया पर इस तरह का माहौल बना रहे थे कि मानो भारतीय सेना को बलात्कारी कहने वाला कन्हैया कुमार भाजपा के गिरिराज सिंह को हरा ही देगा। कन्हैया कुमार को कांग्रेस कार्य समिति में जगह मिलना अप्रत्याशित है। यहकांग्रेस पार्टी की सबसे बड़ी और शक्तिशाली समिति है। कांग्रेस के अपने नियम और संविधान हैं, इसे लागू करने का अंतिम निर्णय कांग्रेस कार्य समिति ही करती है। कहने वाले तो कहते हैं कि इसके पास इतनी शक्तियां होती है कि वह पार्टी अध्यक्ष की नियुक्ति भी कर सकती है और पद से चलता भी कर सकती है। जाहिर है, कांग्रेस की इन तमाम हरकतों को देश की जनता देख रही है ।साल 2019 में जब जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल-370 हटाया गया तो कांग्रेस ने इसका संसद में जमकर विरोध किया था। हालांकि, आगे चलकर कांग्रेस का रुख एकदम बदला हुआ नजर आया। जब सुप्रीम कोर्ट ने आर्टिकल 370 हटाए जाने के केंद्र के फैसले को सही ठहराया तो कांग्रेस ने इसकी बहाली को लेकर कोई बात नहीं की। पूर्व केंद्रीय मंत्री पी. चिंदबरम और वरिष्ठ नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद प्रेस वार्ता की। इस दौरान, पी. चिदंबरम ने कहा, 'हमने कभी भी अनुच्छेद 370 को फिर से बहाल करने की बात नहीं की। हमने उसे हटाने के तरीके का विरोध किया था।' चिदंबरम ने कहा, 'सुप्रीम कोर्ट का 370 पर जो फैसला आया है, उसने कई महत्वपूर्ण मुद्दों का समाधान किया है लेकिन कई सवाल बाकी हैं। 370 हटाने का जो तरीका था, हम उसके खिलाफ थे। हमने सीडब्ल्यूसी में प्रस्ताव भी पास किया था।" मतलब जब कांग्रेस को जनता के मूड की भनक लगी तो उसने अपना लाइन चेंज कर ली ।खैर, राहुल गांधी की चाहत है कि वे नरेंद्र मोदी का स्थान ले लें क प्रियंका की भी इच्छा है कि वह दूसरी इंदिरा गांधी बने। पर ये दोनों भारत को अभी तक समझ ही नहीं पाए हैं। इसी कारण से आज कांग्रेस की स्थिति बेहद शर्मनाक हो गई है। अगर यह दोनों पार्टी में बरकरार रहते हैं तो कांग्रेस के अंतिम संस्कार की राख भी ढूढंने से नहीं मिलेगी। लगता है कि दोनों ने कांग्रेस की कपाल क्रिया करने का पूरी तरह मन बना लिया है। दोनों अपने मकसद की तरफ तेजी से बढ़ रहे हैं। कांग्रेस में केन्द्रीय नेतृत्व लगातार कमजोर हो रहा है। वह पार्टी को कहीं विजय नहीं दिलवा पा रहा है। केन्द्रीय नेतृत्व तब ताकतवर होता है जब उसकी जनता के बीच में कोई साख होती है। लेकिन हैरानी होती है कि कांग्रेस में केन्द्रीय नेतृत्व यानी सोनिया गांधी और उनके बच्चों के खिलाफ विद्रोह क्यों नहीं होता है।

## 21 अप्रैल उलगुलान रैली अन्याय के खिलाफ यह शंखनाद होगा: इंडिया गठबंधन

**रांची( नव शक्ति )**

21 अप्रैल को आयोजित उलगुलान रैली को लेकर आज कांग्रेस भवन, रांची में आयोजित संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस संवाददाता सम्मेलन में इंडिया गठबंधन के कांग्रेस से प्रदेश महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी, झामुमो के केन्द्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य, मनोज पाण्डेय, निरंजन पासवान,राजद से कैलाश यादव, भाकपा माले से नदीम खान, आप से रोहित श्रीवास्तव प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

मीडिया को सम्बोधित करते हुए प्रदेश महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा कि यह रैली ऐतिहासिक होगी. साथ ही कहा कि अन्याय के खिलाफ यह शंखनाद होगा. उन्होंने कहा कि यह रैली न केवल झारखंड की बल्कि देश की दशा और दिशा तय करेगी. झारखंड संघर्षों की भूमि रही है. इस धरती से जो आवाज उठेगी वह केंद्र की सत्ता पलटने में कारगर साबित होगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केवल मुद्दों से सभी का ध्यान भटकाने का काम करते है. वह नवरात्र में मीट और मछली की बात तो करते है. लेकिन महंगाई और बेरोजगारी की बात नहीं करते. वह लगातार कई दौरे पर आए, कई इवेंट हुए लेकिन उनके मुंह से एकबार भी सरना धर्म कोड की बात बाहर नहीं आई. उन्होंने कहा कि अग्नीवीर इस राज्य से भी कई युवा सेना में भर्ती होते है. जिस तरह से सेना का अपमान किया जा रहा है. युवाओं को दिग्भ्रमित किया जा रहा है. सेना का यह अपमान प्रधानमंत्री ने अपनी नियत बना ली है. राकेश सिन्हा ने कहा कि गाय के




नाम पर कई निर्दोष लोगों की जान गई. हत्याएं भी हुई. जिसका फलाफल यह मिला कि इलेक्टोरल बॉन्ड के माध्यम से प्रधानमंत्री गौकशी कंपनियों से 250 करोड़ रुपए चंदा लिया. उन्होंने बीजेपी पर जमकर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि बीजेपी नेता संविधान बदलने की बात करते है. पीएम नरेंद्र मोदी अपने नेताओं से यह बोलवाने का काम करते है.मीडिया को सम्बोधित करते हुए झामुमो के केन्द्रीय महासचिव सुप्रियोग भट्टाचार्य ने कहा कि राजधानी में 21 अप्रैल को प्रभात तारा मैदान में जेएमएम की न्याय उलगुलान महारैली होने वाली है. इसके लिए इंडी गठबंधन के नेताओं को भी न्योता दिया गया है. जिसमें राजद सुप्रीमो लालू यादव, तेजस्वी यादव, कांग्रेस के मल्लिकार्जुन खड़ग एवं राहुल गांधी भी इस महारैली में जुटेंगे। इसके अलावा आप नेता संजय सिंह, अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने आने की सहमति दी है. उद्धव ठाकरे की ओर से प्रियंका चतुर्वेदी भी इस महारैली में शामिल होगी. जबकि नेशनल कांफ्रेंस से फारूख अब्दुल्ला एवं माले के दीपंकर भट्टाचार्य भी इसमें शामिल होंगे। जेएमएम के केंद्रीय प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि 2001 में मोरहाबादी मैदान में रैली हुई थी. लोग रैली में शामिल होने के लिए सुबह से जुट रहे थे. झारखंड की सबसे बड़ी रैली थी. जून का महीना था और रैली समाप्त होने के बाद भी अगली सुबह तक लोग रैली में पहुंचे थे. उन्होंने कहा कि यह न्याय उलगुलान महारैली भी ऐतिहासिक होगी. हम सहयोगी दल न्याय के लिए मिलकर जुटेंगे. राज्य में वरीय नेताओं से बातचीत के आधार पर अंदाजा लगाया जा रहा है कि अकेले जेएमएम के 3 लाख से ज्यादा कार्यकर्ता जुटेंगे. वहीं अन्य दलों के भी 2 लाख कार्यकर्ता जुटेंगे. 5 लाख लोग प्रभात तारा मैदान में आएंगे. साथ ही उन्होंने कहा कि यह रैली झारखंड में ठीक चुनाव से पहले हो रही है. इसलिए, झारखंड में इसे चुनाव का शंखनाद कहा जाएगा.

## पुलिस की गोली से पहाड़िया युवक की मौत, विशेष टीम गठित

### आरोपी सअनि गिरफ्तार, थाना प्रभारी निलंबित

**गोड्डा ( नव शक्ति )**

बुधवार की संध्या सुंदर पहाड़ी थाना क्षेत्र के डांगापाड़ा गांव स्थित बेनाड़िक हेम्ब्रम के घर छापामारी करने पहुंची पुलिस द्वारा घर पकड़ के क्रम में फायरिंग की घटना में 30 वर्षीय हरि नारायण की मौत गोली लगने से हो गई ।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, सुंदरपहाड़ी थाना क्षेत्र में लेवी मांगे जाने से संबंधित घटना को लेकर सुंदरपहाड़ी थाना में कांड संख्या 25 /24 दिनांक 16 -4-24 के अंतर्गत अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध कांड दर्ज किया गया था ।

घटना में बेनाड़िक हेंब्रम, पिता स्वर्गीय मुंशी हेम्ब्रम, डांगापाड़ा, थाना सुंदर पहाड़ी अभियुक्त थे, जो करीब एक माह पूर्व जेल से छूटकर बाहर आया था।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, इस घटना के सत्यापन व आवश्यक कार्यवाही हेतु सुंदर पहाड़ी थाना के द्वारा एक टीम गठित कर बेनाड़िक हेंब्रम के घर छापामारी की गई जहां उसके घर से एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा। जहां सअनि राजनाथ यादव के द्वारा रुकने का आदेश दिया गया परंतु वह भागने लगा। धड़ -पकड़ के क्रम में फायरिंग की घटना घटित हुई जहां 30 वर्षीय हरि नारायण के बाएं कंधे के पास गोली लगी। आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सुंदरपहाड़ी लाया गया जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रतिनिधि मजिस्ट्रेट द्वारा मृतक का मृत्यु समीक्षा प्रतिवेदन तैयार किया गया है। गठित मेडिकल बोर्ड के द्वारा मृतक के पोस्टमार्टम की तैयारी की जा रही है।

एसपी नाथू सिंह मीणा ने बताया कि घटना को लेकर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गोड्डा के नेतृत्व में घटना की जांच एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु एक विशेष टीम का गठन किया गया है तथा विधि संवत कार्यवाही की जा रही है।एसपी ने बताया कि मृतक की पहचान हरि नारायण, उम्र 30 वर्ष, ग्राम- बड़ा डांगा पाड़ा, थाना -सुंदर पहाड़ी, जिला- गोड्डा के रूप में हुई है।पुलिस अधीक्षक ने बताया कि घटना को लेकर आरोपी सअनि राजनाथ यादव को गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि थाना प्रभारी को कर्तव्यहीनता के आरोप में निलंबित कर दिया गया है।

## पक्षियों को बचाना है, तो लगाएं परिंडे



**संजय कुमार**

**बिहारशरीफ(नवशक्ति)।** प्रकृति की सेवा हीं सच्ची सेवा है,क्योंकि प्रकृति से विमुख होकर इस धरती पर कोई भी जीव-जंतु जीवित नहीं रह सकता। इसी प्रकृति का एक हिस्सा पक्षियों के लिए गर्मी में प्यास मिटाने के लिए गौरैया विहग फाउंडेशन के तहत उच्च विद्यालय बिरनामा में हर घर परिंडा अभियान चलाया गया।

**पानी से भरा एक बर्तन अवश्य रखें:** संस्था के संस्थापक निदेशक राजीव रंजन पाण्डेय ने कहा कि आए दिन गर्मी का पारा चढ़ता हीं जा रहा है,आसपास के जलस्त्रोत सूख चूके हैं। ऐसे में अपने आसपास के पक्षियों को बचाना हमसब का नैतिक कर्तव्य है। इसलिए अपने स्कूलों,घर या आसपास में पानी से भर बर्तन एक अवश्य रखें,ताकि पानी की किल्लत से पक्षियों की मौत न हो।

**प्रकृति के संतुलन पक्षियों अहम भूमिका:** बच्चों को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य संजीत कुमार ने कहा कि लंबी और स्वस्थ्य जीवन जीने के लिए पर्यावरण का संरक्षण जरूरी है,इसमें पक्षियों की भी अहम भूमिका है। इसलिए इसे बचाने के लिए अपने छतों या अन्य स्थानों पर दाना पानी अवश्य रखें,क्योंकि इसके बिना प्रकृति का संतुलन बिगड़ जाएगा।

**पानी है अनमोल:** शिक्षक मनीष कुमार भारद्वाज ने बच्चों को बताया कि पानी इस धरती पर प्रकृति का दिया अनमोल उपहार है। पानी पर इंसानों के अलावे सभी जीवों का हक है। आप अपने जानने वालों इसकी कीमत बताएं और एक बर्तन में पक्षों के पानी अवश्य रखें।

इस अवसर पर शिक्षक इंद्रजीत प्रसाद, विनय कुमार,राजीव कुमार, रमा रमण,सरोज कुमार,विवेक कुमार दिनेश कुमार,अंकिता भारती, सुनीता कुमारी,राजीव रंजन,खुशबू कुमारी सहित दर्जनों बच्चे थे मौजूद।

## राजद कार्यकताओं के स्वर्गीय रामविलास पासवान के परिजनों को गाली देने का मामले में भाजपा महिला प्रतिनिधिमंडल पहुंचा निर्वाचन आयोग

**पटना (नवशक्ति)**

महिलाओं का एक प्रतिनिधिमंडल आज प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से मिलकर राष्ट्रीय जनता दल के नेताओं एवं कार्यकताओं द्वारा चुनावी सभा के दौरान एन.डी.ए. गठबंधन के घटक दल लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास पासवान) के नेता को खुलेआम गाली देना एवं जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करने के विरुद्ध कार्रवाई एवं प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है।

प्रतिनिधिमंडल ने इसकी शिकायत मुख्य निर्वाचन आयुक्त, भारतीय निर्वाचन आयोग, निर्वाचन सदन, नई दिल्ली तथा जिला निर्वाचन पदाधिकारी, जमुई से भी की है।

प्रतिनिधिमंडल ने एक पत्र भी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार



को सौंपा है। जिसमे कहा गया है कि राजद के नेताओं एवं कार्यकताओं ने जमुई में एक चुनावी सभा के दौरान मंच पर से एवं सामने से जमुई के एन.डी.ए गठबंधन के घटक दल लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास पासवान) के नेता श्री चिराग पासवान जी के खिलाफ न केवल अपशब्दों का इस्तेमाल किया है बल्कि जाति सूचक शब्दों का भी इस्तेमाल कर हरिजन नेता का खुलेआम अपमान किया है।

आगे कहा गया है कि इस संदर्भ में एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है जिसमें राजद के नेताओं एवं कार्यकताओं का कृत्य स्पष्ट रूप से दिखाई एवं सुनाई पड़ रहा है।पूरी जानकारी आयोग को संज्ञान में देते हुए कहा गया है कि चुनाव के दौरान कोई भी राजनीतिक पार्टी द्वारा जनसभा में इस तरह के जाति सूचक शब्द एवं अपशब्दों का इस्तेमाल करना दण्डनीय अपराध है।इसके अलावा यह चुनाव आयोग द्वारा जारी आचार संहिता का भी उल्लंघन है एवं कड़ी कानूनी कार्रवाई करने योग्य है ताकि ऐसी घटना की पुनरावृति न हो।

इस घटना से एन.डी.ए. गठबंधन के सभी नेता एवं कार्यकर्ता विशेष कर अनु०जाति को नेताओं एवं कार्यकताओं एवं विशेष कर महिलाओं को काफी दुख पहुंचा है। पत्र के अंत में यथोचित कानूनी कार्रवाई और वीडियो में दिखले वाले नेताओं एवं कार्यकताओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का आग्रह किया गया है। आवेदन के साथ घटना का वीडियो क्लिप भी आयोग को सौंपा गया है।

इस प्रतिनिधिमंडल में महिला नेत्री श्रीमति अनामिका सिंह पटेल,डॉ उषा विद्यार्थि,श्रीमति अनामिका पासवान,श्रीमति प्रियंका राज लक्ष्मी, श्रीमति पूनम सिंह, जदयु की श्रीमति अनु प्रिया, श्रीमति रत्ना पुरकायस्थ, अंजुम आरा, श्रीमति रचना, श्रीमति सुरभि ठाकुर एवं श्रीमति पुजा सिंह शामिल थी।

## संक्षिप्त खबर

### बोकारो में विवाहिता की संदेहास्पद मौत

**बोकारो, (नवशक्ति)।** 22 वर्षीय जसू कुमारी की मौत को लेकर संदेह की स्थिति बन गयी है। उसकी मौत हत्या और आत्महत्या के बीच जूझ रही है। मामला हरला थाना क्षेत्र के चौफान बस्ती का है। वहीं पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है। तीन साल पहले बासु साव से ब्याही गई जसू की संदिग्ध मौत पुलिस के लिए भी अबूझ पहेली बनी हुई है। महिला के मायके वालों का कहना है कि जसू को ससुराल में प्रताड़ित कर मौत के घाट उतार दिया गया, केवल इसलिए कि वह ससुराल वालों की मांग के अनुरूप दहेज नहीं दे पा रहे थे ,परिजनों का आरोप है कि हत्या करने के बाद उसके ससुराल वाले आत्महत्या की बात कहकर अस्पताल से भाग गये। आरोप यह भी है कि ससुराल में लगातार तंग किया जाता था। कई बार उसका गंभ भी गिरवा दिया गया था। परिजनों ने हत्यारों को कठोर सजा देने की मांग की है। इस घटना की जानकारी मिलते ही बोकारो के विधायक भी अस्पताल पहुंचे।अभी भी जसू की मौत हत्या और आत्महत्या के बीच झूल रही है और पुलिस के सामने एक बड़ी चुनौती के रूप में खड़ी है। उसकी मौत की सही जानकारी का पता लगाने के लिए पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### चंद्रपुरा के रहने वाली किन्नर राजकुमारी अपने आप में एक मिसाल बन चुकी हैं

**बोकारो (नवशक्ति)।** दूसरों की खुशियों को अपना बना कर जीने वाली किन्नर राजकुमारी अपने आप में एक मिसाल बन चुकी हैं। जिस प्रकार राजकुमारी ने दुख झेला उसे उसने अपनी ताकत बना ली। आज यही कारण है कि लोग राजकुमारी को भगवान मानती है राजकुमारी किन्नर बोकारो के रितूडीह में रहती है। जहां उसने एक परिवार बसाया है महिलाएं उसे अपनी ननद मानती हैं।राजकुमारी बोकारो जिले के चंद्रपुर की रहने वाली हैं।

उनके पिता चंद्रपुर में नौकरी करते थे। जब उसके घर वालों को पता चला कि वह किन्नर है तो उसे घर से भगा देने का काम किया। सड़क किनारे होटल में बर्तन धोकर अपनी जिंदगी गुजरी और फिर वह किन्नरों की टोली में शामिल हो गईं। आज उसकी उम्र अधिक हो चुकी है, लेकिन वह आज भी किसी जवान से काम नहीं हैं। राजकुमारी किन्नर ने कहा कि उसने जो दुख झेला है, वह कभी नहीं भूल सकती हैं. राजकुमारी ने बताया कि सड़क किनारे लावारिस अवस्था में बच्चों को लोग छोड़ देते हैं, ऐसे बच्चों को वह अपने पास उठा कर ले आती हैं और उसे पाल पोस कर बड़ा करती है। राजकुमारी ने अभी तक पांच लड़कियों की शादी करने का काम किया है, जबकि एक बेटे की भी उसने शादी की है। इसके तीन बच्चे भी दो और बेटों को वह पाल रही है।अगल-बगल रहने वाले लोगों को भी वह मदद करने से नहीं चूकतीं। खुद अपने महाजनों के पास से जाकर जो राशि और राशन लाती हैं।

राजकुमारी खुद के खान और बच्चों के खाने के लिए रख देती हैं और दूसरे लोगों के बीच वह बांट देती हैं।दूसरे के बाल बच्चों के शादी में भी वह काफी मदद करती है। राजकुमारी किन्नर का कहना है कि हमें आज तक किसी ने मदद नहीं किया, बावजूद इसके उसने कई लोगों की मदद की।राजकुमारी आज के समय किन्नरों के द्वारा किए जा रहे व्यवहार से भी दुखी हैं।

उनका कहना है कि आज के समय में कुछ किन्नर क्रिमिनल हो चुके हैं। पड़ोस की रहने वाली महिला बैजंती देवी गुप्ता जो खुद को राजकुमारी की ननद बताती है उसका कहना है कि वह दुखियों की मदद करती हैं। अनाथ असहाय बच्चों को पालपोश कर बड़ा करने का काम कीं और उसकी शादी भी की। लोगों को राजकुमारी से प्रेरणा लेनी चाहिए। राजकुमार किन्नर को अपनी मां मानने वाले शुभम कुमार ने कहा कि हमारे लिए भगवान कोई दूसरा नहीं है। वह हमारी मां राजकुमारी है। उसने कहा कि आज हमारी मां ने हम भाई बहनों को बड़ा किया और सभी की शादी की और आज हम सभी सुखी हैं।

## सबका साथ सबके विकास के साथ विकसित भारत के निर्माण के लिए संकल्पित है मोदी सरकार: अरविन्द सिंह

**पटना (नव शक्ति)**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अरविन्द कुमार सिंह ने कहा है कि मोदी सरकार गरीब, युवा, बुजुर्ग, अन्नदाता व नारीशक्ति को लेकर आगे बढ़ रही हैं। सबका साथ सबके विश्वास के साथ चौमुखी विकास कर के विकसित भारत के निर्माण के लिए दृढ़ संकल्पित है मोदी सरकार। इसी के परिणाम स्वरूप अभी तक सस्ते सिलेंडर घर-घर पहुंचाए हैं, आगे पाइप से सस्ती रसोई गैस घर-घर पहुंचाने के लिए दृढ़ संकल्पित है मोदी सरकार। नमो ड्रोन दीदी योजना से गांव-गांव में महिलाएं ड्रोन पायलट बनेंगी। आज तक करीब 1 करोड़ महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं आगे और 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने के लिए संकल्पित है मोदी सरकार।मोदी सरकार ने संकल्प लिया है कि 70 वर्ष की आयु से ऊपर के हर बुजुर्ग को आयुष्मान योजना के दायरे में लाया जाएगा जिससे उन्हें 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। अरविन्द ने कहा कि गरीबी रेखा से बाहर निकालने के लिए निर्धन भाईयो बहनों को सशक्त करने के लिए कटिबद्ध है मोदी सरकार इसलिए आज पीएम आवास योजना के अंतर्गत 4 करोड़ पक्के घर बन चुके हैं और इस कार्य को आगे और 3 करोड़ घरों का निर्माण होगा। साथ ही मुफ्त राशन की योजना आने वाले 5 साल तक जारी रहेगी। वही युवाओं को सशक्त करने के लिए मुद्रा योजना से ऋण की सीमा 10 लाख रुपए से बढ़ाकर 20 लाख रुपए करने को संकल्पित है मोदी सरकार। और पीएम सूर्यघर योजना के माध्यम से सस्ती बिजली मिल सकेगी और सरप्लस बिजली को बेच भी सकेंगे। वही अन्नदाताओं को सशक्त करने के लिए प्रतिबद्ध है मोदी सरकार इसलिए पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ आगे भी मिलता रहेगा और किसान क्रेडिट कार्ड के दायरे में पशुपालको और मछुआरों को उत्थान के लिए जोड़ने का काम किया है मोदी सरकार ने।

## द ग्रेट फैमिली गेट टूगेदर शो होगा इंडी एलायंस रैली : प्रतुल शाह देव

**रांची (नवशक्ति)**

भाजपा ने इंडिया एलाइंस पर की 21 अप्रैल की रैली पर बड़ा हमला बोलते हुए उसे द ग्रेट फैमिली गेट टुगेदर शो कर दिया। आज प्रदेश मीडिया सेंटर ,हरमू में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने कहा कि इस मंच पर अखिलेश यादव का परिवार, लालू प्रसाद का परिवार ,स्टालिन का परिवार ,ममता बनर्जी का परिवार ,हेमंत सोरेन का परिवार के साथ गांधी परिवार नजर आएगा। प्रतुल ने कहा यह सिर्फ और सिर्फ परिवार को बढ़ाने वाले दलों का समूह है जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा पूरे देश में भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी मुहिम चलाए जाने के डर कर एक मंच पर आया है।

ईडी आईटी और सीबीआई की दबिश के बाद जिन 16 कंपनियों ने इलेक्ट्रोल बॉन्ड खरीदे उसका सिर्फ



37% हिस्सा भाजपा को मिला और 63% विपक्ष को - इलेक्टरल बॉन्ड पर प्रतुल ने विपक्ष को आड़े हाथ लेते हुए बताया कि विपक्ष चीजों को छुपा कर बोलता है। कुल 3000 कंपनियों ने इलेक्ट्रोल बॉन्ड खरीदा था। जिसमें सिर्फ 26 कंपनियों पर ईडी,सीबीआई या आईटी की इंक्वारी चल रही है।इनमें से 16 कंपनी ने दबिश के बाद इलेक्ट्रोल बॉन्ड खरीदा था। इन 16 कंपनियों के खरीदे गए इलेक्टोरल बॉन्ड का सिर्फ 37% हिस्सा भाजपा को मिला जबकि 63% हिस्सा विरोधियों को मिला। प्रतुल ने कहा कि अगर सीक्वेंस को जोड़ तो ऐसा लगता है कि जिनके यहां इन एजेंसियों के छापे पड़ते हैं, उनके यहां विपक्षी जाकर सत्ता में आने के बाद मामले को समाप्त करने के नाम पर वसूली कर रहे हैं।तभी ऐसी दबिश वाली कंपनियों ने इलेक्ट्रोल बॉन्ड का 2/3 हिस्सा कांग्रेस और इंडि एलायंस के दलों को दे दिया।

प्रतुल ने कहा कि इस राज्य सरकार में तुष्टिकरण चरम पर है।लव जेहाद भी बढ़ा है।झामुमो के केंद्रीय समिति सदस्य नसरुल इस्लाम को लोग मुसलमान बता कर बचाव कर रहे हैं।प्रतुल ने कहा उन्होंने देश के प्रधानमंत्री की हत्या की बात कही थी और उसको भी हिंदू मुस्लिम के चश्मे से देखने वाले देश का विकास कभी नहीं कर सकते। जनता ऐसी विघटनकारी और विनाशकारी शक्तियों को बाहर करेगी और 400 सीटों के आंकड़े को भाजपा और सहयोगी दलों को पार कराएगी। प्रेस वार्ता में सह मीडिया प्रभारी अशोक बड़ाइक एवं तारिक इमरान भी उपस्थित थे।

## धनबाद से लोकसभा प्रत्याशी का टिकट पाकर भाजपा से ढुल्लू महतो और कांग्रेस से अनुपमा सिंह ने सबको चौंकाया, मुंह ताकते रह गये सभी राजनीतिक धुरंधर

**निर्मल महाराज**

**बोकारो, (नवशक्ति)।** आखिरकार कांग्रेस ने धनबाद लोकसभा सीट पर अपने उम्मीदवार की घोषणा कर ही दी. धनबाद लोकसभा में इस बार सिर्फ कांग्रेस ने ही नहीं, बल्कि बीजेपी ने भी सभी को चौंकाया दिया है। ढुल्लू महतो को टिकट देकर एक ऐसा माहौल बनाया की जिसका चहुंओर विरोध होने लगा। विरोध पार्टी के लोग ही नहीं बल्कि गैर बीजेपी वाले भी कर रहे हैं। लेकिन लगातार कई सालों से धनबाद लोकसभा की सीट पर बीजेपी की जीत की वजह से ढुल्लू पूरे कॉन्फिडेंट हैं।यहां तक कि राजनीति के धुरंधर माने-जाने वाले सरयू राय का भी वह मुंह तोड़ जवाब दे रहे हैं। बात यह भी हो रही है कि सरयू राय दुल्लू का विरोध कर रहे हैं, या अपने पुराने साथी और परम दुश्मन फलां जी का कर रहे हैं जो अब कहीं का महामहिम बने बैठे हैं। बिहार और झारखंड में मंत्री रहे कोल इंडिया और टाटा सिजुआ की राजनीति के महारथी बिहार-झारखंड कांग्रेस के थिंक टैंक माने जाने वाले राजेंद्र सिंह को किसी की पहचान की जरूरत नहीं। उन्हीं की बड़े बेटे की पत्नी हैं अनुपमा सिंह। बड़े बेटे जयमंगल सिंह उर्फ अनुप सिंह बेरमो विधानसभा से विधायक हैं।परिवार की राजनीतिक विरासत फिलहाल इन्हीं के पास है। छोटे भाई कुमार गौरव एक स्मार्ट और तेज तर्रार लीडर होने के बावजूद धनबाद लोकसभा की टिकट पाने में कामयाब नहीं हो पाए। शायद राजनीतिक समीकरण उनके आड़े आ गयी हो।अनुपमा सिंह का जन्म 19 सितंबर 1985 को बोकारो में हुआ। बोकारो, धनबाद लोकसभा में ही आता है।उनके पिता स्वास्थ्य विभाग में अपनी सेवा दे रहे हैं। वो बिहार सरकार के कर्मी हैं। फिलहाल बिहार के ही किसी जिले



में बतौर सिविल सर्जन अपनी सेवा दे रहे हैं।उनकी मां का नाम आशा सिंह है।उनकी पढ़ाई की बात की जाए तो उन्होंने महादेव की नगरी बनारस से अपनी इंटरमीडिएट की पढ़ाई पूरी की। उन्होंने डेंटल, वेटनरी और होमियोपैथ की पढ़ाई के लिए क्वालीफाई भी किया।आगे की पढ़ाई यानी ग्रेजुएशन के लिए पटना के नामी वुमेंस कालेज से पॉलिटिकल साइंस की पढ़ाई शुरू की। लेकिन किसी वजह से ग्रेजुएशन पूरा नहीं कर पायीं।पिता का पैतृक आवास आरा जिला है। लेकिन मां बोकारो की बेरमो अनुमंडल से हैं।राजेंद्र सिंह के परिवार से अभी तक किसी महिला ने राजनीति में अपना दखल नहीं दिखाया था। उनके जीवित रहने तक उनके दोनों बेटे जयमंगल सिंह और कुमार गौरव यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष के अलावा कांग्रेस के कई पदों पर रहे।उनके गुजरने के बाद जयमंगल सिंह को पिता की राजनीतिक विरासत मिली।बेरमो विधानसभा के उपचुनाव में उन्होंने जीत दर्ज की। साथ ही कोल इंडिया की राजनीति में भी वो अपनी भागीदारी निभा रहे हैं। वहीं कुमार गौरव बिना किसी पद के कांग्रेस में सक्रिय राजनीति करते रहे। फिलहाल वो झारखंड राजनीति करते रहे।फिलहाल वो झारखंड सरकार में युवा आयोग के अध्यक्ष हैं। जयमंगल सिंह की पत्नी अनुपमा सिंह अचानक से राजनीति में आयी हैं। धनबाद लोकसभा से चुनाव लड़कर वो एक बड़ी जिम्मेदारी को निभाने की कोशिश करेंगी। यह चुनाव सिर्फ अनुपमा सिंह के लिए ही नहीं बल्कि स्व. राजेंद्र सिंह के परिवार के लिए चुनौती भरा है। राजनीति के अलावा अनुपमा सिंह की दूसरी जिम्मदारी की बात की जाए तो उनके और अनुप सिंह के तीन संतान हैं। पहली बेटी अनाया सिंह 12वीं की स्टूडेंट हैं।दूसरी बेटी अश्मिता सिंह 10वीं में पढ़ाई कर रही हैं। तो सबसे छोटा बेटा युवराज सिंह राठौर सेकेंड स्टैंडर्ड में है।


नवशक्ति डिजिटल न्यूज पेपर में प्रकाशित सामग्री को मौलिक समझकर छापा जाता है। अतः कॉपीराइट संबंधी कोई कार्रवाई संपादक, प्रकाशन एवं मुदक पर नहीं की जा सकती है। दावा करने वाले रचनाकार और चित्रकार से संपर्क करें। समस्त विवादों का निपटारा पटना उच्च न्यायालय क्षेत्रान्तर्गत होगा। प्रधान कार्यालयः कृष्णा मार्केट, पहला तल्ला, निकट हडताली मोड़ पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड, पटना-800023 संपादक प्रकाशक - मुद्रक एवं स्वामीः जयप्रकाश चौधरी, कृष्णा मार्केट, पहला तल्ला, निकट हडताली मोड़, पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड, पटना द्वारा एसेन कम्प्यूटर, डा.एनी बेसेन्ट रोड, पटना-4 से मुद्रित। सम्पर्क नम्बरः 9473032029, 9939472461 ईमेल- navshakti2010@gmail.com RNI- BIHHIN/2012/43368